# प्रेस नोट

## थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी

**दिनांक 02.09.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**
- **थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा स्कार्पियो वाहन लूट की घटना का सफल अनावरण।**
- **15 घंटे के भीतर लूटी गयी स्कार्पियो बरामद कर 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 01 अभियुक्त फरार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.09.2026 को थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वार स्कार्पियो वाहन लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों 1. बृजेन्द्र यादव पुत्र राजकुमार यादव, निवासी ग्राम खैलार, थाना बबीना, जनपद झाँसी, उम्र करीब 25 वर्ष 2. प्रद्युम यादव पुत्र धनीराम यादव, निवासी ग्राम वनगाय, थाना ओरछा, जनपद निवाड़ी, मध्य प्रदेश, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 01.09.2026 को समय करीब 09:50 बजे वादी मनीष कुमार शर्मा पुत्र स्व0 नन्दकिशोर शर्मा निवासी खाती बाबा, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी द्वारा थाना सीपरी बाजार पर सूचना दी गयी कि वह अपनी सफेद रंग की महिन्द्रा स्कार्पियो एन वाहन संख्या UP32YN5050 से जा रहा था। इसी दौरान बिना नम्बर की काली रंग की महिन्द्रा थार वाहन द्वारा उसकी स्कार्पियो में टक्कर मार दी गयी। थार सवार व्यक्तियों द्वारा वादी के साथ मारपीट करते हुए उसकी गाड़ी की चाबी छीनकर स्कार्पियो वाहन लेकर फरार हो गये।

वादी द्वारा अपनी वाहन का उपलब्ध कराये गये GPS लोकेशन के आधार पर थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन की तलाश एवं पीछा किया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार पीछा करते हुए दिनांक 02.09.2026 को समय करीब 00:52 बजे थाना ओरछा, जनपद निवाड़ी, मध्य प्रदेश क्षेत्रान्तर्गत ओरछा से बंगाय जाने वाले मार्ग से लूटी गयी स्कार्पियो वाहन को बरामद करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया।

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपना नाम बृजेन्द्र यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी ग्राम खैलार, थाना बबीना, जनपद झाँसी तथा प्रद्युम यादव पुत्र धनीराम यादव निवासी ग्राम वनगाय, थाना ओरछा, जनपद निवाड़ी, मध्य प्रदेश बताया गया। पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों अभियुक्तों की उक्त घटना में संलिप्तता प्रकाश में आयी। घटना में शामिल फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूटी गयी महिन्द्रा स्कार्पियो एन वाहन संख्या UP32YN5050 बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1. **बृजेन्द्र यादव पुत्र राजकुमार यादव**, निवासी ग्राम खैलार, थाना बबीना, जनपद झाँसी, उम्र करीब 25 वर्ष।
2. **प्रद्युम यादव पुत्र धनीराम** यादव, निवासी ग्राम वनगाय, थाना ओरछा, जनपद निवाड़ी, मध्य प्रदेश, उम्र करीब 30 वर्ष।

**फरार अभियुक्त का विवरणः-**

**राहुल यादव पुत्र मंशाराम यादव**, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम खोडन अठोदना, थाना रक्सा, जनपद झाँसी।

**अपराध का विवरणः-**

मु0अ0सं0- 412/2026 धारा 115(2)/309(4) बीएनएस थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी।
बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-**

**1. बृजेन्द्र यादव**

- मु0अ0सं0 461/2025 धारा 106(1)/281 बीएनएस, थाना नवाबाद।
- मु0अ0सं0 412/2026 धारा 115(2)/309(4) बीएनएस, थाना सीपरी बाजार।

**2. प्रद्युम यादव**

- मु0अ0सं0 412/2026 धारा 115(2)/309(4) बीएनएस, थाना सीपरी बाजार।

**3. राहुल यादव**

- मु0अ0सं0 258/2017 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 13 जुआ अधिनियम, थाना रक्सा।
- मु0अ0सं0 259/2017 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना रक्सा।
- मु0अ0सं0 156/2025 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस, थाना रक्सा।
- मु0अ0सं0 466/2012 धारा 323/395/396/504/506 भादवि, थाना प्रेमनगर।
- मु0अ0सं0 298/2012 धारा 13 जुआ अधिनियम, थाना सीपरी बाजार।
- मु0अ0सं0 412/2026 धारा 115(2)/309(4) बीएनएस, थाना सीपरी बाजार।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 महिन्द्रा स्कार्पियो एन वाहन संख्या UP32YN5050, रंग सफेद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री जय प्रकाश चौबे, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।
2. उ0नि0 श्री विनय कुमार, चौकी मसीहागंज, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।
3. उ0नि0 श्री प्रदीप शर्मा, चौकी चमनगंज, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।
4. का0 प्रदीप कुमार, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।
5. का0 सुमित भारती, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।
6. का0 कुलदीप यादव, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।